आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 भाुक्रवार** **दिनांक 06.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं।

2— संघ लोक सेवा आयोग—यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा—दो हजार पच्चीस मुख्य के अंतिम परिणाम जारी किए।

3— जशपुर और बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में कुल नौ लोगों की मौत।

**और**

4— आज से एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान "वीबी – जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन" की शुरुआत की गई।

..........

**प्रधानमंत्री—बजट वेबिनार**

_______प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। कृषि और ग्रामीण परिवर्तन विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाएं हैं।

**कृषि विश्वकर्मा ये सब हमारी अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। एग्रीकल्चर भारत की लॉन्ग टर्म डेवलपमेंट जर्नी का स्ट्रैटेजिक पिलर भी है और इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने कृषि सेक्टर को लगातार मजबूत किया है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

**लखपति दीदी अभियान की सफलता को भी हमें नई ऊंचाई देनी है। अभी तक गांव की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में हम सफल हो चुके हैं। अब 2029 तक 3 करोड़ में और 3 करोड़ जोड़ना है। ये लक्ष्य और तेजी से कैसे प्राप्त किया जाए, इसे लेकर भी आपके सुझाव महत्वपूर्ण होंगे।**

**यूपीएससी–परिणाम**

_______संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा–दो हजार पच्चीस मुख्य के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम. हैं। वहीं, तीसरा स्थाना एकांश ढूल ने हासिल किया है। ये परिणाम लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर जारी किए गए हैं। आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल नौ सौ अंठावन उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है।

मेरिट सूची में शीर्ष पच्चीस उम्मीदवारों में ग्यारह महिलाएं और चौदह पुरूष शामिल हैं।

**राज्यसभा–नामांकन पत्र जांच**

_______छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। प्रदेश से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस उम्मीदवार फूलोदेवी नेताम के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। इसी के साथ दोनों का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।

प्रत्याशी नौ मार्च तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। जहां जरूरी होगा, वहां सोलह मार्च को मतदान कराया जाएगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

**जनऔषधि सप्ताह–पदयात्रा**

_______प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत मनाए जा रहे 'जनऔषधि सप्ताह' के दौरान आज रायपुर में 'जनऔषधि पदयात्रा' निकाली गई। नागरिकों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शहर के फूल चौक से शुरू हुई, जो विभिन्न चौक–चौराहों से होकर गुजरी।

इस सप्ताह के समापन अवसर पर कल सात मार्च को जनऔषधि दिवस पर रायपुर के कोटा स्थित खंडेलवाल पॉली क्लीनिक में सुबह साढ़े दस बजे से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**बातों–बातों–में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **एक मार्च से देशभर में मनाए जा रहे जनऔषधि सप्ताह** पर केन्द्रित रहेगा। इस विषय पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के प्रबंधक अनिश वोडितेलवार से बातचीत की गई है। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल सात मार्च को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट

_______प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत रतनपुर में आधुनिक तकनीक आधारित डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के लिए तेरह करोड़ रूपए से अधिक की केंद्रीय सहायता दी जाएगी।

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने उम्मीद जताई कि रतनपुर में स्वीकृत यह परियोजना आधुनिक निर्माण तकनीक का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के संपूर्ण विकास को भी मजबूती मिलेगी।

## जीपीएम–सर्वाइकल कैंसर

देशभर में इन दिनों चौदह वर्ष आयु वर्ग की एक करोड़ पंद्रह लाख युवतियों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है।

इसी कड़ी में गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में भी अभियान शुरू करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर के.के. सोनी ने बताया कि यह अभियान करीब तीन महीने तक चलेगा और इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में पंद्रह वर्ष से कम आयु की लगभग चार हजार किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

## दुर्घटना

_______जशपुर जिले के गोडाअंबा गांव के पास आज एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस सड़क हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। जबकि करीब पच्चीस यात्री घायल हो गए हैं।

यह यात्री बस झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी की ओर आ रही थी। इसमें तीस से अधिक यात्री सवार थे। जैसे ही बस तपकरा थाना क्षेत्र के गोडाअंबा गांव के पास पहुंची, तभी रफ्तार अधिक होने के कारण वाहन चालक का बस से नियंत्रण हट गया और यह बस सड़क किनारे पलट गई। बस पलटते ही कई यात्री अंदर फंस गए और मौके पर अफरा–तफरी मच गई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलने के बाद तपकरा और करडेगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार ने बताया कि घायलों का इलाज कुनकुरी अस्पताल में चल रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं, बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में सिमगा थाना क्षेत्र के पास दरचूरा गांव में यात्री बस और ट्रक के बीच भिंड़त होने से चार लोगों की मृत्यु हो गई है। जबकि, पंद्रह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक यह बस रायपुर से बिलासपुर जा रही थी और इसमें पैंतीस यात्री सवार थे। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन दोनों हादसों पर दुख जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हरसंभव चिकित्सा सुविधा और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**"वीबी – जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन"**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने माय भारत के साथ मिलकर आज से एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान "वीबी – जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन" की शुरुआत की है। इसमें देशभर के पंद्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवा क्विज, वीडियो चैलेंज तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों के माध्यम से जुड़ सकेंगे। युवा अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक रुप से प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतिभागी किसी भी भारतीय भाषा में तीस से साठ सेकंड की अवधि का वीडियो तैयार कर माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।

इसका उद्देश्य "विकसित भारत – गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण के प्रति व्यापक जन–जागरूकता सुनिश्चित करना है। अभियान को "विकसित भारत–जी राम जी– युवा शक्ति पंचायत की प्रगति" नाम दिया गया है। प्रतियोगिता में सभी पात्र प्रतिभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाण–पत्र दिया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद का अवसर भी मिलेगा।

**<u>ट्रेन परिचालन</u>**

________दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन और नागपुर मंडल के बोरतलवा–दरेकसा तथा गुदमा–गोंदिया रेलखंड के बीच तकनीकी कार्यों की वजह से मार्च और अप्रैल महीने के दौरान कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। वहीं, कुछ गाड़ियां गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दी जाएगी।

इसके तहत बिलासपुर–चांपा सेक्शन के बीच अकलतरा स्टेशन में चौथीलाइन  लाइन निर्माण कार्य की वजह से इकतीस मार्च से ग्यारह अप्रैल तक बिलासपुर–रायगढ़–बिलासपुर मेमू और गेवरा रोड–रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी अवधि में बिलासपुर–कोरबा मेमू भी नहीं चलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इकतीस मार्च से ग्यारह अप्रैल के बीच हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा–बिलासपुर के बीच पैसेंजर के रूप में चलाया जाएगा।

वहीं, नागपुर मंडल के बोरतलाव–दरेकसा और गुदमा–गोंदिया रेलखंड के बीच गर्डर लगाने की वजह से आज और कल ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान रायपुर, डोंगरगढ़ और गोंदिया मेमू रद्द रहेगी। टाटा इतवारी एक्सप्रेस को भी बोरतलवा तक चलाया जाएगा।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

–	आठवें केंद्रीय वेतन आयोग ने हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं।  सुझाव आयोग की वेबसाइट पर आगामी तीस अप्रैल तक ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। सुझाव प्रस्तुत करने का प्रारूप माय जीओवी डॉट इन पोर्टल पर उपलब्ध है।

और

–	जांजगीर–चांपा जिले के बुड़ेना गांव में मुख्यमार्ग को लकड़ी–पत्थर रखकर बाधित करने और पुलिस के पेट्रोलिंग वाहनों पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>